5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

A MAHARATNA COMPANY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 मार्च, 2026

अंक : 523

## केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी वेकोलि के दो दिवसीय दौरे पर टीम वेकोलि की कार्य संस्कृति तथा कार्य निष्पादन की सराहना




श्री जी किशन रेड्डी, माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार, दिनांक 13 एवं 14 मार्च 2026 को वेकोलि के दो दिवसीय दौरे पर रहे। अपने प्रवास के प्रथम दिवस 13 मार्च, 2026 को उन्होंने वेकोलि की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ एवं शिलान्यास किया तथा कोयला उत्पादन से संबंधित विषयों पर वेकोलि की समीक्षा बैठक ली।

कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री महोदय ने 25 इलेक्ट्रिक वाहनों को वर्चुअल फ्लैग-ऑफ किया। इसके साथ ही उन्होंने नागपुर क्षेत्र के कामठी में 'ब्लैक डायमंड स्पोर्ट्स स्टेडियम', वणी क्षेत्र के तडाली में 'स्वामी विवेकानंद इको पार्क' तथा बल्लारपुर क्षेत्र के सास्ती ओपन कास्ट माइन में फर्स्ट मईल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का वर्चुअल शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, पर्यावरण संरक्षण तथा खनन कार्यों के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देंगी।

इसके पश्चात उन्होंने वेकोलि के कोयला उत्पादन, सुरक्षा, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा भविष्य की परियोजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में श्री रेड्डी ने टीम वेकोलि की कार्य संस्कृति तथा कार्य निष्पादन की सराहना करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में बेहतर परिणाम की अपेक्षा जताई। उन्होंने कोयला उद्योग के बदलते परिपेक्ष में वेकोलि की भूमिका पर विस्तार से बात की।

समीक्षा बैठक में वेकोलि के सीएमडी श्री हरीश दुहन ने वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों तथा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के अपर सचिव श्री सनोज कुमार झा, माननीय कोयला एवं खान मंत्री के निजी सचिव डॉ. पंकज जैन, आईएएस, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री बी. साईराम, कोल कंट्रोलर श्री सजीश कुमार एन, कोयला मंत्रालय के निदेशक (तकनीकी) श्री बिरेन्द्र कुमार ठाकुर, माननीय कोयला और खान मंत्री के अपर निजी सचिव श्री ए.वेंकटेश्वर रेड्डी, आईपीओएस, वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहान, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) श्री संदीप परांजपे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे।



## टीम वेकोलि का हौसला बढ़ाने कंपनी प्रबंधन उतरा खदान में



कोयला उत्पादन और प्रेषण में लगी टीम वेकोलि की खदानों में गतिविधियां भी अब बढ़ गई हैं और कोयला उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी टीम की ज़िम्मेदारी भी। इसीलिए,उच्च प्रबंधन ने तय किया कि मुख्यालय में योजनाएं बनाने के साथ उनके क्रियान्वयन में भी, खदान में पहुंच कर क्षेत्रीय टीम का मार्गदर्शन किया जाए। इसी आलोक में, अपनी टीम का हौसला अफजाई करने उच्च प्रबंधन पहुंच गए ग्राउंड जीरो पर।

### निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष ने किया माजरी क्षेत्र का दौरा

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष ने माजरी क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्र के परिचालन एवं वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा की।अपने दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की लाभप्रदता पर चर्चा की तथा उसमें और सुधार के लिए रणनीतियों का अवलोकन किया।

इसके पश्चात श्री घोष ने NMUG से OC खदान का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने उत्पादकता एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संवाद किया और परिचालन दक्षता बढ़ाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने न्यू माजरी उप-क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे साइडिंग का भी निरीक्षण किया तथा स्थल पर पैदल चलकर विस्तृत निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने कोयले की गुणवत्ता का स्वयं परीक्षण किया और नए वेब्रिज के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इसे शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने क्षेत्र में प्रस्तावित कोल गैसीफिकेशन परियोजना का भी निरीक्षण किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर तकनीकी सचिव/महाप्रबंधक (वित्त) श्री सुरोजित सरकार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री राकेश प्रसाद तथा महाप्रबंधक (परिचालन) श्री विकास कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।



### निदेशक (तकनीकी/परि. एवं यो.) श्री संदीप परांजपे ने किया चंद्रपुर क्षेत्र का दौरा

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (तकनीकी/परि. एवं यो.) श्री संदीप परांजपे ने चंद्रपुर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र प्रबंधन टीम के साथ बैठक कर उत्पादन एवं उत्पादकता से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

इसके पश्चात उन्होंने दुर्गापुर तथा भटाडी खदानों का निरीक्षण किया, जहाँ उत्पादकता और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान खदानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत भी किया गया।

इससे पूर्व श्री परांजपे ने चंद्रपुर क्षेत्र के कलेक्टर के साथ मुरपार खदान के माइन क्लोजर से संबंधित विषय पर बैठक कर आवश्यक चर्चा की। इस अवसर पर चंद्रपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री जी. संजीवा रेड्डी तथा निदेशक (तकनीकी/परि. एवं यो.) के तकनीकी सचिव श्री नितीन सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### निदेशक (तकनीकी संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद ने किया माजरी क्षेत्र का दौरा

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (तकनीकी संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद ने माजरी क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र प्रबंधन टीम के साथ बैठक कर उत्पादन एवं उत्पादकता से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इसके पश्चात उन्होंने NMUG to OC खदान का निरीक्षण किया, जहाँ उत्पादकता एवं सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसी क्रम में उन्होंने न्यू माजरी उपक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली रेल साइडिंग का भी दौरा किया तथा वहाँ निर्माणाधीन नए कांटा घर के कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को इसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान NMUG to OC खदान और रेल साइडिंग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत भी किया गया। तत्पश्चात उन्होंने येकोना 1 तथा 2 खदानों का निरीक्षण कर वहाँ की कार्यप्रणाली एवं उत्पादकता का जायजा लिया और उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ भी दीं। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री राकेश प्रसाद, महाप्रबंधक (संचालन) श्री विकास अग्रवाल तथा तकनीकी सचिव श्री बिनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने वेकोलि की मुरपार भूमिगत खदान के खदान बंदी प्रक्रिया का निरीक्षण किया



श्री जी किशन रेड्डी, माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार, ने अपने प्रवास के द्वितीय दिवस 14 मार्च, 2026 को वेकोलि की मुरपार भूमिगत खदान के खदान बंदी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान माननीय मंत्री महोदय ने मुरपार भूमिगत खदान में खदान बंदी से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं उनकी प्रगति का अवलोकन किया। इस खदान में वर्ष 2003 से कोयला उत्पादन प्रारंभ हुआ था तथा वर्ष 2022 में ताडोबा-अंधेरी टाइगर रिजर्व के इको-सेंसिटिव जोन घोषित होने के कारण इस खदान को बंद किया गया।

इस अवसर पर अपने संवाद में माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि खदान बंदी किसी परियोजना का अंत नहीं, बल्कि सतत विकास की दिशा में एक नई शुरुआत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि खदान बंदी की प्रक्रिया को वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि खनन के पश्चात क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन की पुनर्स्थापना तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

श्री रेड्डी ने आगे कहा कि खदान बंदी योजनाओं में स्थानीय समुदायों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रोत्साहित विभिन्न पहलों के माध्यम से बंद हो चुकी खदानों को सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी परिसंपत्तियों में बदलने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुरपार भूमिगत खदान के विषय में जानकारी देते हुए वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहान ने बताया कि यह खदान महाराष्ट्र राज्य के चंद्रपुर जिले के चिमूर तहसील में स्थित इस खदान के स्थापना से अब तक लगभग 9,95,926 टन कोयले का उत्पादन किया गया। खदान के लिए अंतिम माइन क्लोजर प्लान को वेकोलि बोर्ड द्वारा 19 जनवरी 2026 को स्वीकृति प्रदान की गई है। खदान में कार्यरत लगभग 426 कर्मचारियों को उमरेर क्षेत्र की अन्य खदानों में पुनः पदस्थापित किया गया है।

उन्होंने बताया कि मुरपार खदान में सभी खनन अवसंरचनाओं को नियमानुसार हटाया जा चुका है, जबकि प्रबंधक कार्यालय और कैंटीन भवन को जिला प्रशासन की अनुशंसा पर सामाजिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखा गया है। खदान बंदी से संबंधित सभी भौतिक कार्य तथा तीन वर्षों की पर्यावरणीय निगरानी भी पूरी की जा चुकी है।

पर्यावरण संरक्षण के तहत खदान क्षेत्र की 5 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य ट्रॉपिकल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, जबलपुर के सहयोग से जून से सितंबर 2026 के दौरान किया जाएगा। आसपास के गांवों के लोगों के लिए 8 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया गया, जिनसे लगभग 715 लाभार्थियों को लाभ मिला।

चंद्रपुर जिला प्रशासन द्वारा 12 जून 2025 को माइन क्लोजर एडवाइजरी कमेटी (एमसीएसी) का गठन किया गया, जिसके माध्यम से खदान बंदी के बाद क्षेत्र के सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय समुदायों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार की गई। साथ ही खदान बंदी के सामाजिक प्रभाव का अध्ययन करने तथा कम्युनिटी डेवलपमेंट एंड लाइवलीहुड प्लान तैयार करने के लिए सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है।

### जिला कलेक्टर एवं माइन क्लोजर एडवाइजरी कमेटी के साथ बैठक

मुरपार भूमिगत खदान के निरीक्षण के पश्चात माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी ने चिमूर नगर-पालिका कार्यालय में जिला कलेक्टर एवं माइन क्लोजर एडवाइजरी कमेटी के साथ बैठक की। इस दौरान वेकोलि के माइन क्लोजर नोडल अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं, सलाहकारों तथा स्थानीय गांवों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में खदान बंदी के पश्चात क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास के विषय में विचार-विमर्श किया गया।



इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के अपर सचिव श्री सनोज कुमार झा, माननीय कोयला एवं खान मंत्री के निजी सचिव डॉ. पंकज जैन, आईएएस, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री बी. साईराम, कोल कंट्रोलर श्री सजीश कुमार एन, कोयला मंत्रालय के निदेशक (तकनीकी) श्री बिरेन्द्र कुमार ठाकुर, माननीय कोयला और खान मंत्री के अपर निजी सचिव श्री ए.वेंकटेश्वर रेड्डी, आईपीओएस, वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहान, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) श्री संदीप परांजपे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे सहित उमरेड के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री अविनाश प्रसाद उपस्थित रहे।

वेकोलि द्वारा वैज्ञानिक खदान बंदी (साइंटिफिक माइन क्लोजर) के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कंपनी की 116 खदानों के लिए माइन क्लोजर प्लान स्वीकृत किया गया हैं। अब तक 6 खदानों को कोयला मंत्रालय के नियमों के पूर्ण अनुसरण के साथ सफलतापूर्वक वैज्ञानिक ढंग से बंद किया जा चुका है। साथ ही खनन क्षेत्रों में जैविक पुनर्वास (बायोलॉजिकल रिक्लेमेशन) के तहत स्थापना से अब तक 2 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।




## 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में 'नारी गौरव सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) में दिनांक 10 मार्च 2026 को वीमेन इन पब्लिक सेक्टर (WIPS) द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में 'नारी गौरव सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस सुश्री रश्मिता राव, पुलिस उपायुक्त (जोन–IV), नागपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस श्री लोहित मतानी, पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक एवं साइबर), नागपुर, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री संदीप परांजपे एवं सी.वी.ओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती रीना पांडे एवं श्रीमती श्रुति परांजपे तथा WIPS की जनरल सेक्रेटरी (अपैक्स) एवं मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती अनुपमा टेमुर्निकर की भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री रश्मिता राव, पुलिस उपायुक्त (जोन–IV), नागपुर ने अपने संबोधन में देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी के महत्व को बताया। उन्होंने कई कामयाब महिलाओं के उदाहरण देते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में प्रगति कर रही है।

WCL के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह दिवस, महिलाओं द्वारा हासिल की गई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का सम्मान करने का है। उन्होंने इस बार की थीम Rights, Justice, Action for all Women & Girls पर अपनी बात रखी। उन्होंने WCL के CSR के अंतर्गत महिलाओं के लिए की गई कई सकारात्मक पहलों पर प्रकाश डाला। WCL में अपने कार्य में उत्कृष्टता हासिल करने एवं उज्वल भविष्य के लिए उन्होंने अपनी शुभकामनाएँ दी।






कार्यक्रम के दौरान WCL के क्षेत्रों और खदानों में विभिन्न कार्यों में कार्यरत महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 'नारी गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत संबोधन WIPS की जनरल सेक्रेटरी (अपैक्स) श्रीमती अनुपमा टेमुर्निकर तथा संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन WIPS Co-ordinator श्रीमती रितु सिंह, प्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डॉ. रश्मि वालेकर, विभागाध्यक्ष (एआई एवं साइबर सुरक्षा), रामदेवबाबा विश्वविद्यालय द्वारा 'मानवीय मूल्यों और बुद्धिमान प्रणालियों के बीच समन्वय', श्रीमती नम्रत्ता तिवारी, प्रधान महाप्रबंधक, बीएसएनएल द्वारा 'आत्मविश्वास के साथ कार्य', श्रीमती सीमा शारदा द्वारा 'प्राणिक हीलिंग' विषय पर तथा फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रीमती शिवाली देशपांडे (सेवानिवृत्त) द्वारा विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर WCL विप्स की पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रही।